भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3249
दिनांक 12 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी

3249. श्री बी॰ वाई राघवेन्द्रः
श्री नलीन कुमार कटीलः

क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या हाल के दिनों में आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार के पास ग्रामीण अर्थव्यवस्था सहित अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में भाग लेने वाली महिलाओं की संख्या का अनुमान लगाने के लिए कोई डेटा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के कारण महिलाओं का शोषण हुआ है और यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है;
(घ) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान महिलाओं के शोषण के मामलों या घटनाओं की राज्य/वर्ष-वार संख्या कितनी है;
(ङ) क्या सरकार ने महिलाओं के खिलाफ इस तरह के शोषण को रोकने और उन्हें आर्थिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कोई उपाय किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(च) इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ुबिन ईरानी महिला एवं बाल विकास मंत्री

(क) और (ख) : श्रम ब्यूरो, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा वर्ष 2012-13, 2013-14 तथा 2015-16 में किए गए वार्षिक रोजगार - बेरोजगार (ईयूएस) सर्वेक्षणों के अंतिम तीन राऊंड के अनुसार, 15 वर्ष और उससे उपर की लड़कियों के लिए कर्मचारी जनसंख्या अनुपात क्रमशः 25.0 प्रतिशत, 29.6 प्रतिशत तथा 25.8 प्रतिशत है।

(ग) और (घ) : राष्ट्रीय अपराध रिकोर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकडों के अनुसार, बलात्कार (भारतीय दंड संहिता की धारा 376) के अंतर्गत 2015 में 34,651 और 2016 में 38,947 मामलों की सूचना दी गई थी। वर्ष 2015 तथा 2016 के दौरान महिलाओं की गरिमा का अपमान (भारतीय दंड

संहिता की धारा 509) के अंतर्गत क्रमशः 8685 तथा 7305 मामले पंजीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त वर्ष 2015 और 2016 के दौरान महिला की गरिमा का घोर अपमान करने के आशय की दृष्टि से हमला करने (भारतीय दंड संहिता की धारा 354) के अंतर्गत क्रमशः कुल 82422 तथा 81346 मामलें पंजीकृत किए गए हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूचित किए गए मामलों की वर्ष-वार संख्या अनुलग्नक में निर्दिष्ट है।

(ड) और (च) : महिला एवं बाल विकास मंत्रालय महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध तथा प्रतितोष) अधिनियम, 2013 को लागू कर रहा है, जिसमें, आयु और रोजगार संबंधी स्थिति पर ध्यान दिए बिना सभी महिलाओं को शामिल किया गया है और यह अिधनियम उन्हें सभी कार्यस्थलों, चाहे वे संगठित हो या असंगठित पर लैंगिक उत्पीडन से सुरक्षा प्रदान करता है। इस अधिनियम में विद्यार्थियों, शिक्षुओं, श्रमिकों, घरेलू कर्मचारियों तथा महिला अधिकारियों को शामिल किया गया है।

इस अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए, मंत्रालय ने कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन से संबंधित शिकायतों के पंजीकरण हेतु लैंगिक उत्पीडन इलैक्ट्रानिक बाक्स (शी-बोक्स) शीर्षक वाली ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन प्रणाली का विकास किया है। यह शी-बोक्स पोर्टल सभी सरकारी और निजी कर्मचारियों सहित देश में सभी महिला कर्मचारियों को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन की ऑनलाइन शिकायत करने की सुविधा प्रदान करता है।

*****

अनुलग्नक

"आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी" के संबंध में दिनांक 12.07.2019 को पूछे जाने वाले लोक सभा प्रश्न संख्या 3249 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

वर्ष 2015 और 2016 के दौरान बलात्कार, महिला की गरिमा का घोर अपमान करने के आशय की दृष्टि से हमला करने और महिला की गरिमा का अपमान करने के अंतर्गत पंजीकृत (एनसीआरबी) मामलों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | बलात्कार | | महिला की शीलभंग करने के आशय से उस पर हमला (आईपीसी की धारा 354) | | महिला की शीलभंग करना (आईपीसी की धारा 509) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **2015** | **2016** | **2015** | **2016** | **2015** | **2016** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1027 | 994 | 4616 | 4829 | 2200 | 1831 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 71 | 92 | 101 | 109 | 2 | 10 |
| 3 | असम | 1733 | 1779 | 4293 | 3378 | 111 | 34 |
| 4 | बिहार | 1041 | 1008 | 198 | 324 | 96 | 167 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 1560 | 1626 | 1868 | 1770 | 53 | 101 |
| 6 | गोवा | 86 | 61 | 150 | 143 | 34 | 32 |
| 7 | गुजरात | 503 | 982 | 1164 | 1224 | 73 | 59 |
| 8 | हरियाणा | 1070 | 1187 | 1886 | 1860 | 90 | 124 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 244 | 252 | 434 | 410 | 58 | 49 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 296 | 256 | 1343 | 1235 | 175 | 153 |
| 11 | झारखंड | 1053 | 1109 | 844 | 667 | 10 | 13 |
| 12 | कर्नाटक | 589 | 1655 | 5112 | 5260 | 154 | 160 |
| 13 | केरल | 1256 | 1656 | 3987 | 4029 | 267 | 328 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 4391 | 4882 | 8049 | 8717 | 390 | 358 |
| 15 | महाराष्ट्र | 4144 | 4189 | 11713 | 11396 | 1119 | 924 |
| 16 | मणिपुर | 46 | 55 | 84 | 65 | 2 | 5 |
| 17 | मेघालय | 93 | 190 | 95 | 68 | 20 | 17 |
| 18 | मिजोरम | 58 | 23 | 75 | 71 | 2 | 1 |
| 19 | नागालैंड | 35 | 26 | 8 | 14 | 9 | 8 |
| 20 | ओडिशा | 2251 | 1983 | 6499 | 8252 | 472 | 437 |
| 21 | पंजाब | 886 | 838 | 1123 | 1025 | 27 | 10 |
| 22 | राजस्थान | 3644 | 3656 | 4813 | 4839 | 9 | 15 |
| 23 | सिक्किम | 5 | 92 | 21 | 34 | 2 | 11 |
| 24 | तमिलनाडु | 421 | 319 | 1163 | 854 | 20 | 27 |
| 25 | तेलंगाना | 1105 | 1278 | 3608 | 377 | 1288 | 1003 |
| 26 | त्रिपुरा | 213 | 207 | 352 | 214 | 6 | 1 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 3025 | 4816 | 7885 | 11335 | 11 | 35 |
| 28 | उत्तराखंड | 283 | 336 | 318 | 334 | 12 | 3 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 1199 | 1110 | 5069 | 4177 | 455 | 449 |
| 30 | अंडमान और निकोबार | 36 | 30 | 57 | 46 | 5 | 2 |
| 31 | चंडीगढ़ | 72 | 68 | 76 | 76 | 10 | 13 |
| 32 | दादर एवं नागर हवेली | 8 | 14 | 5 | 1 | 0 | 1 |
| 33 | दमन और दीव | 5 | 12 | 7 | 4 | 0 | 2 |
| 34 | दिल्ली | 2199 | 2155 | 5367 | 4165 | 1492 | 918 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0 | | 6 | 1 | 1 | 1 |
| 36 | पुदुचेरी | 3 | | 33 | 43 | 10 | 3 |
| | संपूर्ण | **34651** | **38947** | **82422** | **81346** | **8685** | **7305** |